हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 सितंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का मुआवजा व बीमा की...



07 शासकीय विद्यालय में मनाया उमंग दिवस ...



## खबर संक्षेप

### झुग्गी बस्तियों में निवासरत बच्चों का किया गया सर्वे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर झुग्गी बस्तियों में निवासरत बच्चों का सर्वे किया गया। जिसमें डिप्टी कलेक्टर अमन मिश्रा, महिला बाल विकास के जिला कार्यकम अधिकारी भरत सिंह राजपूत, सामाजिक न्याय के संयुक्त संचालक डी. एस. यादव, लेवर इस्पेक्टर पी. के. जैन, बी.आर.सी. अनिरूद्ध डिम्हा, एवं विभागीय टीम द्वारा झुग्गी बस्तियों का सर्वे करते हुए 49 बच्चे चिन्हित किये गये। चिन्हित बच्चों में से 0 से 6 आयु वर्ग के कुल 21 बच्चे पाये गये जिनका आंगनवाड़ी केन्द्र कंमाक 8 एवं 6 सिविल लाईन मे दाखिला करवाया गया। जिन्हे नियमित टी.एच.आर. एवं भोजन दिया जा रहा है साथ ही उक्त बच्चों का नियमित फॉलो अप किया जा रहा है शेष 6 वर्ष से अधिक आयु के शाला त्यागी बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा नियमित भ्रमण कर सड़क पर रहने वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित एवं पुनर्वास हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश पर आंगनबाड़ियों का किया जा रहा निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को लगातार सक्रीय रूप से कार्य करने एवं अनुपस्थित और लापरवाह शासकीय सेवकों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। इसी परिपेक्ष्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत द्वारा परियोजना देवरी के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कटंगी बंद पाया गया कार्यकर्ता सूरज लोधी अनुपस्थित पाई गई, आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय दिशा निर्देशों के अनुरूप स्थल पर संचालित होता नहीं पाया गया केंद्र की साफ सफाई आने जाने का मार्ग चाइल्ड फ्रेंडली नही था। आंगनबाड़ी केंद्र झुंकू 2 बंद पाया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री साहू एवं सहायिका श्री सदा रानी बंसल अनुपस्थित पाई गई केंद्र में ताला लगा पाया गया आंगनबाड़ी की किसी भी गतिविधि का संचालन कार्यकर्ता सहायिका द्वारा नहीं किया जा रहा था। उक्त लापरवाही के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सूरज लोधी, सावित्री साहू एवं सहायिका सदारानी बंसल को नोटिस जारी किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र झुंकू 1 संचालित पाया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा अरेले फेस कैप्चर ई केवाईसी करती हुई पाई गई एवं सहायिका श्री कुंवर बाई केंद्र पर उपस्थिति पाई गई आंगनबाड़ी केंद्रों के नियम अनुसार संचालन के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षकों एवं परियोजना अधिकारी देवरी को दिशा निर्देश दिए गए एवं लापरवाही बरतने वाली कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

### मेगा जॉब फेयर एवं कैरियर मेला 22 को

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार विभाग एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बडतूमा सागर के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में मेगा जॉब फेयर (युवा संगम) एवं कैरियर अवसर मेले का आयोजन दिनांक 22 सितम्बर 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस शासकीय महाविद्यालय परिसर मकरोनिया बडत्तूमा सागर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करें एवं जिले की सभी ग्राम पंचायत नगरी निकायों के वार्डों में शिविर लगाए जाएं, शिविर की सूचना पूर्व में दी जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले से शुरू किया जाएगा। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में विशेष रूप से सागर जिले में संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि इस जनकल्याणकारी स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों एवं शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। साथ ही मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, किशोरियों में एनीमिया के प्रति जागरूकता फैलाना, एवं गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग करना भी प्रमुख लक्ष्य है। कलेक्टर ने संपूर्ण अभियान के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान के लिए माइक्रो प्लान तैयार करें जिससे अभियान का लाभ दुरुस्त ग्रामों की अंतिम अंतिम महिला शिशु किशोरियों को प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान की जन जागरूकता के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभियान का शुभारंभ कराएं एवं इसमें सभी का सहयोग लें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने जानकारी दी कि अभियान की शुरुआत जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 17 सितंबर को की जाएगी। इस दौरान सागर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञता शिविर, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। अभियान के दौरान महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर, गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच, मातृ-शिशु देखभाल संबंधी जनजागरूकता सत्र, एवं ऽनिक्षय मित्र नामांकनऽ जैसी कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ होंगी।

डॉ. अचला जैन ने मातृ मृत्यु दर को कम करने हेतु जोखिमपूर्ण गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर प्राथमिकता पर जांच एवं फॉलोअप कराने कराने की अपील की। डॉ. जी.पी. आर्या ने परिवार नियोजन व कल्याण से संबंधित जानकारी साझा की वहीं, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विपिन खटीक ने अभियान के अंतर्गत शिशुओं के सम्पूर्ण टीकाकरण की जानकारी दी।



### स्मार्ट सिटी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर मंत्री राजपूत को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में कार्यरत 26 संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने संविदा नवीनीकरण, लंबित वेतन और समय पर पारिश्रमिक भुगतान की मांग की। मंत्री राजपूत ने कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा तथा शीघ्र उचित समाधान किया जाएगा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि म.प्र. शासन के आदेशों के तहत उनकी नियुक्ति जिला स्तरीय समिति द्वारा साक्षात्कार और मेरिट के आधार पर हुई थी। वर्तमान में 26 संविदा कर्मचारी कार्यरत है जिनमें से 24 कर्मचारियों का संविदा नवीनीकरण लंबित है, जिसके कारण मई 2025 से उनका वेतन रोका गया है। इससे उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संविदा कर्मचारियों ने मंत्री राजपूत को बताया कि विगत चार माह से उन्हें वेतन प्रदान नहीं किया गया है। साथ ही उन्होंने संविदा कर्मचारियों की समय अवधि बढ़ाये जाने का आग्रह किया एवं 2023 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी संविदा नीति लागू करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह राजपूत, गुलशन देशमुख, प्रवेश राठौर, पुष्पेंद्र द्विवेदी, राज बाबू, अंशुल यादव, दीपा भारती, अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में कार्यरत संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।



### जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन

**सागर।** शासकीय माध्यमिक शाला बमोरी बीका में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें जनशिक्षक ललित मिश्रा सहज कर्ता रजनी गौतम और मनीष जैन क्रे द्वारा प्रभावी शिक्षण में शिक्षक संदर्शिका का अंग्रेजी की भूमिका पर चर्चा के साथ टीपीआर पर विशेष फोकस किया। जिसमें जन शिक्षा केंद्र के कक्षा एक दो पढ़ाने वाले समस्त शिक्षकों ने अति उत्साह से सहभागिता की और अपनी-अपनी शाला में उक्त गतिविधियों को प्रभावी तरीके से पालन करने में बच्चों के शिक्षण को और अधिक प्रभावी भी बनाने में अपनी रुचि दिखाई। इस अवसर पर शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होने वाले शिक्षको में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक ब्रजेश द्विवेदी, मुकेश शांडिल्य, कृष्णकुमार मिश्रा, संतोष कुमार दूबे, रामप्रसाद चढ़ार, शंकरलाल चढ़ार, रेखा सिंह, आशा चढ़ार, वंदना खरे, ज्योती यादव, द्रोपती कोरी, अफरोज सिद्धकी, अंजना बोहरे, सुनीता सोनी, विनिता मिश्रा, प्रिया शुक्ला आदि शिक्षको ने शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में अपनी उपस्तिथी दर्ज की।

## बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर को एक लाख की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र बिजली कंपनी के सिटी ऑफिस में कार्यरत एक जूनियर इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस ने 1 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। जेई का नाम मिलन परतेती है।

जानकारी के अनुसार परतेती के खिलाफ बिजली कंपनी के एक लाइसेंसी ठेकेदार जितेंद्र जैन से पेटी पर काम लेने वाले ठेकेदार रामकुमार पटेल ने शिकायत की थी। उसका कहना था कि मकरोनिया के अभिनंदन नगर स्थित एक प्लाट के ऊपर से गुजर रही 11 केवी की लाइन शिफ्ट करने की एवज में रिश्वत मांगी जा रही है। इस सम्बंध में उसने लोकायुक्त कार्यालय सागर से हाल ही में शिकायत की थी। जिसके बाद शनिवार को दोपहर



करीब 3:30 बजे लोकायुक्त की टीम ने जाल बिछाया और ठेकेदार पटेल के हाथों 1 लाख की रिश्वत लेते हुए जेई परतेती को दबोच लिया।जानकारी के अनुसार परतेती लाइन शिफ्टिंग के काम के अप्रुवल को काफी समय से टाल रहा था। उसने इस काम की आवाज में डेढ लाख रुपये की डिमांड की थी। जिसमें से 1 लाख एप्रुवल के समय और बाकी 50 हजार रु. वर्क कम्पलीशन के बाद देना थे। कार्रवाई करने वाली टीम में लोकायुक्त निरीक्षक रोशनी जैन, कमल सिंह उईके, आरक्षक नीलेश पांडे, अरविंद नायक, राघवेंद्र सिंह, शफीक खान, गोल्डी समेत अन्य स्टाफ मौजूद था।



### सांदीपनि विद्यालय में उमंग दिवस मनाया

**गढ़ाकोटा।** गढ़ाकोटा नगर के सांदीपनि साबूलाल विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार उमंग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य एस.एस.ठाकुर एवं जे.के. खरे कार्यालय प्रमुख के मार्गदर्शन में विद्यालय के उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रभारी विपिन जैन ने संचालित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उमंग हेल्पलाइन, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, आदि गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि काउंसलर नितिन बेक ने किशोर अवस्था में शारीरिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। विद्यालय के शिक्षक प्रियेश चौरसिया ने नशा बिगाड़े दशा तथा तनाव प्रबंधन पर तथा शिक्षिका कु.पूजा शर्मा ने क्रोध प्रबंधन पर टिप्स दिए। विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में बढ़ चलकर हिस्सा लिया तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को गरिमा पूर्ण बनाने में सहयोग किया। अंत में गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## पशु सेवा समिति सदस्यों ने पशु पालन मंत्री से की मुलाकात, लम्पी वायरस को लाया संज्ञान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले सहित प्रदेश में पशुओं की जानलेवा बीमारी लम्पी वायरस के बढ़ते प्रकोप और स्थानीय पशु पालन विभाग की लापरवाही को लेकर पशु सेवा समिति के पारंग शुक्ला एवं वासु चौबे ने पशु पालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल से रहली में मुलाकात की। पारंग शुक्ला ने बताया कि इस समस्या को स्थानीय विधायक शैलेन्द्र जैन के संज्ञान में लाने पर उन्होंने यह मुलाकात करवाई। पशु सेवा समिति के सदस्यों ने विस्तार से मंत्री पटेल को सुरक्षात्मक उपाय अपनाने के लिए आग्रह किया और निवेदन किया कि लम्पी वायरस से बचाने के लिए पशुओं का टीका करण शीघ्र शुरू किया जाए, पशु पालन विभाग के डॉक्टरों की टीम गठित कर पशुओं के उपचार में तेज़ी लाई जाए, साथ ही 1962 एम्बुलेंस में लम्पी वायरस की दवाई भी उपलब्ध कराई जाए। पटेल ने तत्काल विभाग के डायरेक्टर को निर्देशित किया कि इन तीन बिंदुओं पर सम्पूर्ण प्रदेश में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए साथ ही जिले के पशु पालन विभाग को भी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षात्मक उपाय अपनाने के निर्देश दिए।



## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवाभावी राष्ट्र निर्माता शिक्षकों का विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मनवानी फ़िल्म्स सिन्धु संस्कार के तत्वावधान में सतत 25 वे वर्ष के उत्सव में रविवार को शाम 6 बजे मनवानी गली सिंधी कॉलोनी संत कंवरराम वार्ड सागर में गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में तिलक फूल माला शाल श्रीफल से प्राचार्य गोविन्द राम मनवानी जी की स्मृति में पुष्प वर्षा कर किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार समिति के राजेश मनवानी ने बताया कि बच्चो के प्रति समर्पित शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान करके हम सब गौरवान्वित होंगे एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला भी प्रारम्भ होगी। विषय प्रवर्तन आचार्य महेश दत्त त्रिपाठी अध्यक्ष अखिल भारतीय सृजन मंच अपने ओजस्वी उद्बोधन से देंगे। इस समारोह में पूर्व विधायक सुनील निधि जैन, स्वदेशी जागरण मंच के प्रखर प्रवक्ता कपिल मलैया, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष केशरवानी, शिवसेना उपराज्य प्रमुख प. पप्पू तिवारी सहित विशिष्ठ अतिथि अपना गुरुजनो के प्रति समर्पण वक्तव्य देंगे।



### कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में नगर निगम के खिलाफ बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनी

**सागर।** जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी महेश जाटव द्वारा शनिवार को कांग्रेस पार्षद दल की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमे नगर निगम मे व्याप्त भ्रष्टाचार एवं पार्षदों की अनदेखी पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर निगम मे नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव नें कहा कि नगर निगम भ्रस्टाचार का अड्डा बन गया है, आम जनता परेशान है, लोग मूलभूत सुबिधाये भी प्राप्त नहीं कर पा रहे, स्मार्ट सिटी मे शहर की नालियाँ खुली पड़ी है, मच्छरो का प्रकोप है। हमने निगम प्रशासन सें अनेक कहा लेकिन पार्षदों की ही बाते नहीँ सुनी जाती है, और की क्या कहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव नें सभी पार्षदों सें उनकी परेशानी सुनी और कहा कि वास्तव मे निगम मे भ्रस्टाचार का बोलबाला है कोई सुनने बाला नहीँ है, हम शीघ्र ही नगर निगम क्रे विरुद्ध बड़ा आंदोलन करेंगे, आज की बैठक मे आंदोलन की रुपरेखा पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा की पार्षद गण लोगो सें निर्वाचित होकर आते है, जनता सीधे तोर पर हमसे जुडी रहती है, हमारे नैतिक कर्तव्य है की हम जनता की आवाज बने, आने बाले समय मे जो आंदोलन होगा वह ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर पार्षद सुलेखा राकेश राय, ऋचा सिंह गोंड, ताहिर खान, नीलॉफ़र चमन अंसारी, शशि महेश जाटव, शिवशंकर यादव, रौशनी खान, अशोक चकिया नें अपनी बात भी रखी।

## हिंदी भाषा इतनी सशक्त है कि उसकी एक छोटी सी बिंदी भी चिंता को चिता में बदल देती है : डॉ अमर जैन

# हिंदी भारत में राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित नहीं हो पाई है लेकिन विदेश में यह भारत का प्रतिनिधित्व करती है: चंचला दवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी का अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य' विषय पर द्विसत्रीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में, वक्ताओं के रूप में राजभाषा विभाग हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के अभिषेक ऋषि, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चंचला दवे एवं अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ.रंजना मिश्रा, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ अमर कुमार जैन महाविद्यालय की राजनीति विभाग की डॉ संगीता मुखर्जी हिंदी विभाग से डॉ राणा कुंजर सिंह मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की समापन के पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए विषय प्रवेश के रूप में डॉ.अमर कुमार जैन ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया उन्होंने हिंदी दिवस मनाए जाने की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि हिंदी एक सशक्त




भाषा है क्योंकि उसकी एक छोटी सी बिंदी भी चिंता को चिता में बदल देती है अर्थात किसी शब्द के अर्थ को बदल सकती है। उन्होंने हिंदी के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बारे में बताते हुए कहा कि विश्व के 140 देशों में हिंदी भाषा बोली जा रही है हालांकि उन्होंने 80 करोड लोगों के द्वारा हिंदी बोले जाने के बावजूद यूएनओ में आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को मान्यता न मिलने की कमी पर खेद जताया उन्होंने हिंदी को जीवंत भाषा मानते हुए कहा कि हिंदी अन्य भाषाओं के शब्द बड़ी आसानी से अपने में मिला लेती है।

हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय से पधारे अभिषेक ऋषि ने भारत और विश्व में हिंदी की दशा एवं दिशा को बतलाने के लिए गोपाल सिंह नेपाली की पंक्तियां 'दो वर्तमान का सत्य सरल, सुंदर भविष्य के सपने दो। हिंदी है भारत की बोली, अपने आप पर अपने दो'को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं बल्कि मातृभाषा भी है और इसके विकास के लिए अलग से प्रयासों की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने दिन प्रतिदिन के व्यवहार में इसे शामिल कर हम इसे सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी के आरंभ में विश्व में 1300 भाषायें प्रचलित थी,जो अब 800 ही बची है। उन्होंने कहा कि लातिन अमेरिकी देशों की भाषायें तेजी से विलुप्त हो रही है जिसका सबसे बड़ा कारण वहां के लोगों का अपनी स्वदेशी भाषाओं का उपयोग बंद कर देना है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत और चीन की है अतः निश्चित ही हिंदी अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ेगी भारत की आर्थिक और तकनीक प्रगति एवं सशक्तता इसमें सहायक होगी और इसके लिए हमें हिंदी को ज्ञान अभिव्यक्ति की भाषा बनाना होगा, हिंदी के शब्दकोष को समृद्ध करना होगा, विभिन्न अनुसंधानों और शोध की भाषा हिंदी रखना होगी, मोबाइल कम्प्यूटर में बार-बार हिंदी में कंटेंट की खोज करने से हिट्स की संख्या बढ़ती है जिससे हिंदी का प्रचलन और तेजी से बढ़ेगा। हमारे नेताओं और उद्योगपतियों तथा बड़े-बड़े कलाकारों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी का उपयोग करने से उसकी ब्रांडिंग होती है और हिंदी के वैश्विक प्रचार में में सहायता मिलती है।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंचला दवे ने हिंदी को भारत का विलक्षण पर्व बताते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा राजभाषा के रूप में स्वीकृत की गई थी यद्यपि भारत में हिंदी राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित नहीं हो पाई है लेकिन विदेश में यह भारत का प्रतिनिधित्व करती है राष्ट्र की एकता और अखंडता की यह परिचायक है । हिंदी में हम अपने भावों को आसानी और प्रभावशाली तरह से व्यक्त कर सकते हैं ।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे. नीलमाधव अर्थ मूवर्स, गढ़ाकोटा के एक भागीदार श्री बद्रीप्रसाद चौदहा आत्मज स्व. श्री महादेव प्रसाद चौदहा के निधन दिनांक 17.03.2025 के उपरांत उक्त दिनांक से फर्म में नयी भागीदार शुभांगी चौदहा पत्नी मयंक माधव चौदहा शामिल हो गई हैं। इस प्रकार वर्तमान में श्री रमाकांत चौधरी, हरेश चौधरी, प्रशांत चौधरी, मयंक माधव चौदहा एवं शुभांगी चौदहा कार्यरत हैं। यदि इस वावत् किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिन के अंदर सूचित करें।

**सूचनार्थ प्रकाशित**

भागीदार फर्म पंजीयन क्रमांक SF56G दिनांक -02/01/2002

पी.सी. नायक - एडवोकेट, रमाकांत चौधरी - भागीदार, में. नीलमाधव अर्थ मूवर्स मो. 7747019902

## पठा रोड पर कार व टैक्सी भिड़ंत में शिक्षिका की मौत, कई घायल

# यातायात पुलिस की निष्क्रियता पुनः मानव जीवन के लिए जानलेवा साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में ओवरलोड वाहन संचालन, तेज रफ्तार में बाहन दौड़ाने और यातायात नियमों का खुला उलंघन करने बालो के प्रति अनदेखी, लापरवाही और खानापूर्ति बाली कार्यवाही करने में मस्त यातायात पुलिस की उदासीनता एक बार फिर मानव जीवन के लिये जानलेवा साबित हुई है। जिसमें एक महिला का दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये। पुलिस का उदासीन रवैया इस कदर हावी है कि पुलिस के सामने से ही ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहन गुजर जाते हैं लेकिन पुलिस मुकदर्शक बनी हुई ख़डी रहती है। ज़ब पुलिस अधीक्षक के निर्देश जारी होते हैं तो चिन्हित जगहों पर खड़े होकर कुछ चालानी कार्यवाही कर सिर्फ खानापूर्ति कर बरिष्ठ अधिकारियो को खुश करने का कार्यक्रम यातायात पुलिस द्वारा किया जाता है। जिसका हर्जाना शहरवासियो को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है।

### पुलिस की उदासीनता का हर्जाना महिला को जन देकर चुकाना पड़ा

मंगलवार सुबह जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे शिक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया। सुबह करीब 11 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के टीकमगढ़ पठा रोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टैक्सी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैक्सी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 5 फीट नीचे पलट गई। उक्त टैक्सी में शहर के जड़िया मोहल्ले की रहने वाली शिक्षिका सुनीता जड़िया सहित कई महिला शिक्षिकाएं सवार थीं। जो सरकारी मिडिल स्कूल सुंदरपुर अपनी ड्यूटी करने जा रही थीं। लेकिन स्कूल नहीं पहुंची और हादसे का शिकार हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई।





### टैक्सी पलटते ही मची चीख पुकार

उक्त हादसे में टैक्सी पलटते ही वाहन के अंदर फंसी शिक्षिकाएं मदद के लिए चीखने लगीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल दौड़कर वाहन को घेर लिया और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। लोगों की तत्परता से घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन इस दर्दनाक हादसे में शिक्षिका सुनीता जड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त हादसे में शिक्षिका पूजा मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनके हाथ में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। इसके अलावा रितु मिश्रा, नीलमा श्रीवास्तव, वंशिका श्रीवास्तव समेत एक अन्य शिक्षिका भी चोटिल हुई हैं। डॉक्टरों की टीम घायलों का उपचार कर रही है।

### जान हथेली पर रखकर सफर, बच्चों की सुरक्षा पर लापरवाही

शहर की सड़कों पर रोजाना ऐसे नजारे दिखाई देते है जिसमें टेक्सीयों और अन्य बाहनो में छात्र छात्राओं व सवारियो को ठूस ठूसकर भरा जाता है। और उनकी सुरक्षा के साथ खिलबाड़ करते हुए लापरवाहीपूर्ण वाहन संचालन किया जाता है। जिनके अक्सर वीडियो व फोटो भी बायरल होते हैं। लेकिन ऐसे बाहनो पर तत्काल कोई कार्यवाही नहीं की जाती। जब कोई हादसा होता है तो कार्यवाही की परंपरा निभाते हुए खानापूर्ति की जाती है। स्कूल टाइम पर टैक्सी और ऑटो में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को इस कदर भर दिया जाता है मानो मानव जीवन की कोई कीमत ही न हो। न सुरक्षा, न नियम, सिर्फ ज्यादा से ज्यादा बच्चों को ठूंसकर भरने की होड़ में टैक्सी चालक बेखौफ सड़कों पर फर्राटा भरते निकल जाते हैं।

### नाबालिग़ टेक्सी चालक, पुलिस के सामने ही भरते हैं फर्राटा

सुबह स्कूल जाते वक्त और दोपहर छुट्टी के समय और अन्य सवारियो को लेकर फर्राटा भरती दौड़ती टेक्सीयो के आम नजारे शहर में अक्सर देखने को मिल जाते है। एक ही टैक्सी में क्षमता से कहीं ज्यादा बच्चों को ठूंस दिया जाता है। बच्चे दरवाजे और पीछे लटकते हुए सफर करते हैं। और इस दौरान कई टैक्सी चालक तो नाबालिग दिखाई दे जाते है। जिनपर कार्यवाही नहीं होती।

### लापरवाह चालको को मौके पर ही पकड़कर त्वरित कार्यवाहीयों की मांग

पठा रोड पर हुए दर्दनाक हादसे से नाराज शहरवासियों ने मांग करते हुए कहा कि जब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं होती, तब तक जिम्मेदार विभाग नींद से नहीं जागते। पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जहां ओवरलोड टैक्सी पलटने से बच्चों की जान खतरे में पड़ चुकी है। बावजूद इसके आज तक नियमों का सख्ती से पालन नहीं कराया जा रहा। ऐसे लापरवाह वाहण चालको को मौके पर ही पकड़कर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जानी चाहिए। या फिर जो वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो जाये, उसे तत्परता से ढूंढ़कर उस पर कार्यवाही करने की मुहिम शुरू की जानी चाहिए।



### घटना के बाद टक्कर मारने वाली तेज रफ्तार कार की तलाश शुरू

उक्त भीषण सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि उक्त घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी कैमरों और रास्तों की जांच कर रही है ताकि दोषी वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

## पहले मां और फिर बेटे ने किया आत्महत्या का प्रयास

# उचित मुआवजा न मिलने से व्यथित परिवार द्वारा तहसील में फांसी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की मोहनगढ़ तहसील में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक परिवार ने प्रशासनिक उपेक्षा से तंग आकर सामूहिक आत्महत्या का प्रयास किया। कंचनपुरा गांव निवासी घंसू प्रजापति का मकान कुछ समय पहले आगजनी की चपेट में आकर जल गया था। परिजनों का कहना है कि आग से लगभग 30 से 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ, लेकिन राजस्व विभाग ने सर्वे के बाद महज 8 हजार रुपए का मुआवजा तय किया। शुक्रवार को मोहनगढ़ तहसील कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर मनोज द्विवेदी निरीक्षण पर पहुंचे थे। इसी दौरान प्रजापति परिवार उनसे मिलने और अपनी पीड़ा बताने गया। लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें अधिकारी से मिलने से रोक दिया। यह बात परिवार को इतनी नागवार गुजरी कि गुस्से और आक्रोश में उन्होंने आत्महत्या जैसा खतरनाक कदम उठा लिया। सबसे पहले घंसू की पत्नी शीला ने रस्सी से फांसी लगाने का प्रयास किया। हालात बिगड़ते देख उनका बेटा जितेंद्र भी रस्सी लेकर तहसील कार्यालय के पिलर में बांधने लगा और गले में डाल लिया। कार्यालय में मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर जितेंद्र को बचा लिया और हालात को काबू में किया। कुछ देर के लिए तहसील परिसर में अफरातफरी मच गई। इसके बाद परिजनों को डिप्टी कमिश्नर मनोज द्विवेदी से मिलवाया गया। उन्होंने परिवार की पूरी आपबीती सुनी



और मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द ही आगजनी की राहत राशि जारी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को भी समझाइश दी कि पीड़ितों की समस्याओं को संवेदनशीलता से लिया जाए। गौरतलब है कि इससे पहले 22 मार्च को भी घंसू प्रजापति ने मुआवजे की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में आत्महत्या का प्रयास किया था। इसके बावजूद अब तक उन्हें उचित राहत राशि नहीं मिल सकी है। लगातार उपेक्षा का सामना कर रहे परिवार का कहना है कि जब तक वास्तविक नुकसान की भरपाई नहीं होगी, वे चैन से नहीं बैठेंगे। इस घटना के बाद तहसील परिसर और आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उनका कहना है कि प्रशासन यदि पहले ही संवेदनशीलता दिखाता तो ऐसी नौबत ही न आती। लोग यह भी पूछ रहे हैं कि आखिरकार आगजनी जैसी गंभीर घटना में भी पीड़ित को वास्तविक राहत क्यों नहीं दी जाती।

खून की कमी से जूझ रही 6 वर्षीय बच्ची की मदद को दौड़े ट्रैफ़िक प्रभारी

# एसपी मंडलोई की पहल हो रही सार्थक, बदल रहा पुलिसिया स्वभाव

**टीकमगढ़।** जैसा सेनापति, वैसी सेना वाक्य को सार्थक करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में चलाये जा रहे जनहितकारी अभियानो और दिशा निर्देशों के चलते जिला पुलिस का व्यवहार और स्वभाव लगातार परिवर्तित होते दिख रहा है। जिसमें पुलिस अब जनहित संबंधी सूचना मिलने पर उसे अनदेखा न करते हुए जरुरतमंद की मदद करने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा अब लॉ इन ऑर्डर व्यवस्था बनाये रखने के साथ साथ समाज की सुरक्षा और संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रतिबद्धता दिखाई जा रही है। और यह बदलाव एसपी मंडलोई की पहल का असर ही बताया जा रहा है। जो अब सार्थक होता दिख रहा है।

### जानकारी मिलते ही अस्पताल की और दौड़े पटेल



12 सितम्बर को जिला अस्पताल में एक 6 वर्षीय बच्ची को आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ी। जिसके लिये बच्ची के परिजनों ने प्रयास शुरू किये और लोगो से संपर्क करना प्रारंभ किया। इसी बीच उक्त जानकारी यातायात पुलिस में पदस्थ रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल के पास भी पहुंची। उन्होंने बिना विलंब किए पुलिस अधीक्षक मंडलोई से संपर्क करते हुए अपने कार्यालय से अस्पताल जाने की अनुमति प्राप्त की और बच्ची की मदद की।

### मानवता मूल्य व समाज के प्रति समर्पित रहना भी हमारी जिम्मेवारीः एसपी

यातायात प्रभारी पटेल द्वारा अनुमति माँगने पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमति दी और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया, जिससे बच्ची की जीवनरक्षक स्थिति में सुधार हुआ। एसपी मंडलोई ने कहा कि जिला पुलिस की यह संवेदनशील और निस्वार्थ सेवा, समाज के प्रति उनके समर्पण और मानवता के मूल्यो के प्रति जिम्मेवारी का सक्रियता के साथ निर्वहन करना है।

## 3 गांवों के ग्रामीणों ने लिया शराबबंदी का संकल्प, नशामुक्ति की निकाली रैली

# नशे के खिलाफ ग्रामीणों ने ऐतिहासिक फैसला कर की बड़ी पहल

**टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र के तीन गांव चौबारा, बनपुरा और सापौन के ग्रामीणों ने शनिवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए गांव में शराबबंदी का संकल्प लिया। ग्रामीणों का कहना है कि शराब ने समाज और परिवार दोनों को बर्बादी की ओर धकेला है, अब समय आ गया है कि मिलकर इसे गांव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। शनिवार को ग्रामीणों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली। हाथों में तख्तियां और नारों के साथ ग्रामीण सड़कों पर उतरे और अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। महिलाओं और युवाओं की भारी भागीदारी ने इस मुहिम को और मजबूत बनाया। ग्राम पंचायत चौबारा में आयोजित बैठक में सभी ग्रामवासियों ने मिलकर पंचनामा तैयार किया। इसमें यह तय किया गया कि यदि गांव में कोई शराब बेचेगा या पियेगा तो




उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब ने न केवल युवाओं को भटका दिया है बल्कि कई परिवारों को तोड़कर रख दिया है। आए दिन शराब के नशे में झगड़े, हिंसा और घरेलू विवाद होना आम बात हो गई थी। ग्रामीणों ने साफ कहा कि शराब की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों और महिलाओं को झेलना पड़ता है। बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है और महिलाएं घरेलू कलह की सबसे बड़ी पीड़ित बन रही हैं। इसलिए समाज के हर वर्ग ने मिलकर शराबबंदी का संकल्प लिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल खरगापुर थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरवार और तहसीलदार सत्यप्रकाश शुक्ला से मिला। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में अवैध शराब की बिक्री और खपत को रोकने की मांग की। थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरवार ने इस मुहिम की सराहना की और भरोसा दिलाया कि पुलिस गांव के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं तहसीलदार सत्यप्रकाश शुक्ला ने भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों का यह कदम न केवल खरगापुर क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायी है। सामूहिक पहल और जागरूकता से ही समाज को नशे जैसी बुराई से मुक्त किया जा सकता है।

# अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का मुआवजा व बीमा की किसानों ने की मांग

**टीकमगढ़।** लिधौरा तहसील में शनिवार को किसान संघ ने अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा और बीमा राशि जल्द दिलाने की मांग उठाई। साथ ही खाद वितरण, गौशाला निर्माण और राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण समेत कई मुद्दों पर निराकरण कराने की बात कही। लिधौरा के तलैया मंदिर में हुई बैठक में जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि बीमारियों से बचाव का यही एकमात्र रास्ता है। बैठक के बाद किसानों की रैली तलैया मंदिर से शुरू होकर तहसील कार्यालय पहुंची, जहां त्रिस्तरीय ज्ञापन तहसीलदार ओपी गुप्ता को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मांगें की गईं अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को तुरंत मुआवजा और फसल बीमा राशि मिले। तहसील में लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो। खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और नगद बिक्री केंद्र शुरुआत से ही चालू रहें। खाद की रेट और स्टॉक सूची प्रतिदिन चस्पा की जाए तथा कालाबाजारी करने वालों पर रासुका के तहत कार्रवाई



हो। लिधौरा में गौशाला का निर्माण कर गौवंश को वहां रखा जाए, साथ ही निजी गौपालकों पर टैगिंग कर चालानी कार्रवाई हो। तहसील कार्यालय में किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो और हर माह भारतीय किसान संघ के साथ विभागीय बैठक आयोजित की जाए। कार्यक्रम के दौरान किसान संघ तहसील मंत्री बृजेश कुमार नायक, तहसील उपाध्यक्ष छंदीलाल अहिरवार, जरूआ ग्राम समिति अध्यक्ष राजपाल यादव, बृजेश साहू, बालचंद सेन, रामप्रताप यादव, किशोरी आदिवासी, गुलाब सिंह परिहार, सरजू सिंह सेंगर, ज्वाला सिंह, हर्ष ठाकुर, कमलेश आदि रहे मौजूद।

## काफी समय से मिल रही थी अबैध शराब निर्माण व उपद्रव की शिकायतें

# कुचबंदिया मोहल्ले में पुलिस की पुनः स्ट्राइक, भट्टियां ध्वस्त, आरोपी गिरफ्तार



**टीकमगढ़।** शहर के कुचबंदिया मोहल्ले में शनिवार को कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। लंबे समय से अवैध शराब निर्माण की शिकायतों के बीच पुलिस टीम ने छापा मारकर तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 13 लीटर कच्ची शराब जब्त की, जबकि भारी मात्रा में महुआ लहान और आधा दर्जन से अधिक भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सुखलाल उर्फ पप्पू रैकवार, सुरेंद्र कुचबंदिया और आशीष उर्फ मोंटी शामिल हैं। ये सभी अपने मकानों के पास अवैध रूप से भट्ठी लगाकर महुआ से कच्ची शराब तैयार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अवैध शराब निर्माण और विक्रय का प्रकरण दर्ज किया है। कुचबंदिया मोहल्ला लंबे समय से अवैध शराब बनाने का अड्डा बना हुआ है। पुलिस पहले भी यहां कई बार छापेमारी कर चुकी है, लेकिन कार्रवाई के कुछ दिन बाद ही दोबारा भट्ठियां चालू हो जाती हैं। यही वजह है कि पुलिस अब नई रणनीति पर काम कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि अब महीने में कम से कम दो बार इस मोहल्ले में सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा। लगातार दबाव बनाए रखने से इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। छापेमारी की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। मोहल्ले में रहने वाले परिवारों का कहना है कि शराब बनाने और बेचने के कारण माहौल बिगड़ता है, आए दिन विवाद होते हैं और युवा इसकी गिरफ्त में आते हैं। लोगों का यह भी कहना है कि केवल छापेमारी ही काफी नहीं, बल्कि लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जरूरी है, तभी इस अवैध कारोबार पर रोक लग सकेगी।

## सोशल मीडिया पर जहर फैलाना अब पड़ेगा भारी, एडवाईजरी जारी

# सोशल मीडिया को आसान हथियार बनाने वालों पर एसपी की टेड़ी निगाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सोशल मीडिया को आसान हथियार बनाकर सामजिक माहौल बिगाड़ने बालो पर पैनी नजर रखने और उन पर लगाम लगाने के लिये पुलिस प्रशासन पुनः सक्रिय हो गया है। जिले में लॉ इं ऑर्डर व्यवस्था को कायम रखने व शांति और सौहार्द बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सख्त व कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी भरी एडवाईजरी जारी की है जिसमें कड़ा संदेश देते हुए सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दी गई है। साथ ही साथ पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने साफ चेतावनी दी है कि किसी भी नागरिक द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ, अपमानजनक और धार्मिक अथवा जातिगत भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट प्रसारित, शेयर या लाइक व फॉरवर्ड भी की गई तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### संवाद के सशक्त माध्यम का दुरूपयोग बर्दाश्त नहीं

पुलिस कप्तान मंडलोई ने कहा कि सोशल मीडिया आज संवाद का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज में तनाव और अशांति का कारण बन सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिम्मेदार नागरिक वही है जो सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करे। इस दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में नफरत फैलाने वाले संदेश, वीडियो या तस्वीरें प्रसारित करना बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। बिना रियायत के सख्त व त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### लाइक, शेयर व फॉरवर्ड करना भी समान श्रेणी का अपराध

उन्होंने आगाह करते हुए बताया कि भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम आईटी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही एसपी मंडलोई ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चेतावनी सिर्फ उन लोगों के लिए नहीं है जो भड़काऊ पोस्ट करते हैं, बल्कि उन पर भी लागू होगी जो इस तरह की सामग्री को शेयर, लाइक या फॉरवर्ड कर उसे और आगे बढ़ाते हैं। जिससे ऐसे लोग भी समाजिक माहौल बिगाड़ने में बराबर के भागीदार बन जाते है।

**निगरानी व मॉनिटरिंग से रखी जा रही पैनी नजर**






पुलिस कप्तान मंडलोई ने यह भी जानकारी दी कि जिला स्तर पर सोशल मीडिया सेल लगातार निगरानी कर रही है। साथ ही प्रत्येक थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय रूप से काम कर रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जाने वाली हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी तरह की अफवाह या भड़काऊ संदेश फैलने से पहले ही उसे रोका जा सके। और ऐसा कुत्सित प्रयास करने बालो को उनके मंसूबो में कामयाब होने से पहले ही उन्हें दंडित किया जा सके।

### आमजनों के सहयोग की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

एसपी मंडलोई द्वारा आम नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी के संज्ञान में कोई आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट आती है तो उसे तत्काल नजदीकी थाना, साइबर हेल्प डेस्क या साइबर सेल को सूचित करना चाहिए।

पुलिस का मानना है कि नागरिकों की सतर्कता और जिम्मेदारी से ही जिले में शांति और भाईचारा कायम रखा जा सकता है। शहरवासियो ने एडवाईजरी को देखकर कहा कि जिला पुलिस का यह कदम केवल कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ही नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देने के लिए भी है कि सोशल मीडिया की स्वतंत्रता तभी सुरक्षित रह सकती है जब उसका उपयोग जिम्मेदारी और सजगता के साथ किया जाए।

## समाचार संक्षेप

### सांदीपनि शासकीय उमावि चांचौड़ा में उमंग दिवस का आयोजन



**चांचौड़ा।** शासन के निर्देशानुसार सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाचौड़ा में उमंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना, उमंग प्रभारी सुषमा मौर्य, स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षक टीम – सुनैना सेन, कु. पायल माली, अल्ताफ खान, दिनेश कुमार लोधा एवं पूजा माली सहित संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उमंग है तो जीवन में रंग है थीम पर विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। वक्ताओं ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। संस्था की ओर से डॉ. सोनिया गौतम ने अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### बरखेड़ा हाट में भाजपा वरिष्ठ नेता रामबाबू शर्मा को मिला अटल कार्यकर्ता सम्मान



**आरोन (हरिभूमि न्यूज)।** ग्राम बरखेड़ा हाट में भाजपा के पितृ पुरुष, परम श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के पुण्य अवसर पर अटल सम्मान समिति द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनसंघ व भाजपा के समय से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच बरखेड़ा हाट रामबाबू शर्मा को अटल कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया।सम्मान स्वरूप भाजपा जिला अध्यक्ष ने उन्हें श्रीफल, शाल, माला एवं ताम्रपत्र भेंट किया।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, बजरंगगढ़ मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. भूपेंद्र धाकरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप रघुवंशी, मंडल महामंत्री अनिल शर्मा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर भाजपा नेता कल्याण यादव, राजेश रघुवंशी, हरतूम यादव, रवीन्द्र यादव, नकुल शर्मा, हरवीर यादव, भीम सिंह कुशवाह, मुकेश कुशवाह, राजभान यादव, अमर सिंह यादव के साथ बुधौलिया परिवार एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## चतुर्थ दिवसीय दीक्षारंभ समारोह संपन्न

# श्रीमद् भागवद् गीता-सुखमय जीवन का पथ प्रशस्त करती हैः डॉ. द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

श्रीमद् भागवद्गीता सुखमय जीवज का पथ प्रशस्त करती है। यह कोई मात्र धार्मिक ग्रन्थ नहीं है वरन्-कर्म, ज्ञान और समर्पण की त्रिवेणी है। जिससे मानवता का संवर्द्धन होता है। युवा वर्ग को निराशा, हताशा और अशान्ति से मुक्त जीवन की अनुकूलता का अक्षय वरदान है। उक्ताशय के उद्‌गार डॉ. जवाहर लाल द्विवेदी पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ ने हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग के चतुर्थ दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के समापन सत्र में प्रकट किये। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने विद्या दायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसी अनुक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह भदौरिया ने उक्त आयोजन का संक्षिप्त प्रतिवेदन पटल पर रखा। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव को साझा किया। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार माथुर सहायक प्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना राजगढ़ ने जल संरक्षण एवं पुर्नभरण की आवश्यकता




पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. भदौरिया ने प्रतिभागियों से अपेक्षा व्यक्त कि आप उत्तरोत्तर शिक्षा के प्रतिमानों पर खरे उतरे तथा सुखमय जीवन जियें एवं उन्होंने दीक्षारंभ से दीक्षांत तक सतत रूप से महाविद्यालय में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी तथा कठोर परिश्रम द्वारा विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय गुना क्षेत्र में ऐसा दूसरा निजी महाविद्यालय है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के अनुच्छेद 2-एफ के अंतर्गत पंजीकृत है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किए। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राध्यापिका डॉ. ज्योति सिंह ने किया। प्राध्यापिका श्रीमति पूजा मिश्रा ने सभी सम्मानित अतिथियों, प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, सभी प्राध्यापकगण एवं समस्त हिन्दुपत महाविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य का आभार माना।

# शासकीय विद्यालय में मनाया उमंग दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिस्वर के निर्देशन में बी एम ओ डॉ राजेश कुमार पुष्पक के मार्गदर्शन में बीसीएम हेमन्त गौड़ के सहयोग से आरकेएसके कार्यक्रम अंतर्गत टीम चाचौड़ा से सुनैना सेन, पायल माली,अल्ताफ खान, दिनेश कुमार लोधा एवम काउंसलर पूजा माली ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीनागंज, सी एम राइस विद्यालय चाचौड़ा, गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल बीनागंज में उमंग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की। जिसमे समस्त विद्यालय के प्राचार्य के सहयोग से किशोर-किशोरियों ने विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे वाद विवाद,निबंध लेखन, चित्रकला,गीत, कविता आदि में भाग लिया और आरकेएसके टीम के सभी सदस्यों ने उमंग दिवस कार्यक्रम पर उमंग क्लिनिक, हेल्पलाइन नंबर, चैट बोट और आरकेएसके के सभी घटकों के बारे में जानकारी दी। सभी के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन हुआ।


# आरोन कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ प्रतिनिधि मंडल ने की जिला कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोन कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार वार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मंडी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर को अवगत कराया और शीघ्र निराकरण की मांग की।व्यापारी संघ ने कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए मंडी प्रांगण में आवश्यक व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। साथ ही मंडी से संबंधित प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सरलता बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर कन्याल ने प्रतिनिधि मंडल की



बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



### मैथिल विश्वकर्मा समाज प्रतिनिधिमंडल ने की जयवर्धन सिंह से मुलाकात

**आरोन।** मैथिल विश्वकर्मा समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह से मिला। इस दौरान समाजजनों ने आगामी 17 तारीख को आयोजित विश्वकर्मा समाज के आराध्य भगवान विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह आयोजन समाज के लिए आस्था और एकता का प्रतीक है। वहीं, जयवर्धन सिंह ने समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति का आश्वासन दिया है।

# सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा राघौगढ़ मंडल की बैठक संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

शुक्रवार को भाजपा मंडल राघोगढ़ द्वारा सर्किट हाउस राघोगढ़ में मंडल बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा एवं बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा ने की ।

मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा में बताया कि देश के यशस्वी प्रधान सेवक माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंडल कार्यशाला संपन्न हुई ।

मुख्य वक्ता राजेंद्र सलूजा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए समर्पित अपने कार्यकर्ता साथियों पर हमें गर्व है हम सेवा पखवाड़े के माध्यम से सेवा धर्म और हर कर्तव्य को निभाने के लिए संकल्पित है ।

कार्यशाला में वरिष्ठ नेता गोपाल पटवा द्वारा प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त करने कार्यों के पत्रक का वाचन किया गया बैठक का संचालक कार्यालय मंत्री राजेंद्र शास्त्री ने किया एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष बलवंत यादव ने माना । बैठक में बनवारी लाल लोधा, अभिषेक भार्गव, गणेशाराम माली दुर्गेशशरण कोरी नरेंद्र गौड ओम प्रकाश कोरी प्रताप जाटव अतुल सैनी राजकुमार कुशवाहा हीरालाल लोद्या प्रेमनारायण वर्मा जगदीश लोधा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में उमंग दिवस का आयोजन



**अशोकनगर।** जीवन कौशल शिक्षा 'उमंग' द्वारा छात्र-छात्राओं में आने वाले सकारात्मक बदलाव को उत्सव के रूप में मनाने के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय अशोकनगर में 12 सितंबर को उमंग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न गतिविधियों और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में सही ज़बाब देने वाले लगभग 50 छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्राचार्य सीमा जैन द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय के शिक्षक रामबाबू कुशवाह एसएलटी द्वारा छात्रों को जीवन कौशल शिक्षा का महत्त्व बताकर और 10 जीवन कौशलों का गतिविधि के माध्यम से परिचय करवाकर की। इस अवसर पर उमंग के मास्टर ट्रेनर हेमंत दुबे, महेंद्र अहिरवार तथा विद्यालय के हेल्थ एंड वेलनेस अम्बेसडर कपिल रघुवंशी,परेश शर्मा द्वारा छात्रों के मध्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे रोल प्ले, केस स्टूडी आदि कराई गईं। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं के बीच रहकर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सुनील नरवरिया, हेमंत योगी, यशवंत दामले, सीमा नायक, राकेश अहिरवार, रीना दुबे, प्रतिभा सोनी, रश्मि शर्मा,रूपदास बैरागी, सूफिया बी, निर्मल बघेल, राधेश्याम उपाध्याय, चंचल यादव आदि ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहायता की। ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से जीवन कौशल शिक्षा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे प्रदेश में समस्त शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के किशोर-किशोरियों को सामाजिक बुराइयों, लैंगिक असमानता, दहेज प्रथा बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा आदि जैसे विषयों के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 12 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**अशोकनगर।** नवागत पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस ने एक आरोपी को 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली अंतर्गत उप निरीक्षक अक्षय कुशवाहा को सूचना प्राप्त हुई कि, एक व्यक्ति प्रातः 5 से 6 बजे के बीच बरखेड़ी रोड पर मोटरसाइकिल से स्मैक पाऊडर की खरीदी बिक्री करने आ रहा है जिस पर से उप निरीक्षक अक्षय कुशवाहा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान को सूचित किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली अशोकनगर निरी० रवि प्रताप सिंह चैहान उक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंच कर एंबुश लगाकर बैठने पर मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिया का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से वहां पर पहुंचा जिसे कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिसकी तलाशी करने पर उक्त व्यक्ति से 12 ग्राम स्मैक ब्राउन शुगर पाऊडर जप्त कर आरोपी रोहित उर्फ बिट्टू जाट पुत्र विश्ववीर जाट उम्र 22 वर्ष निवासी मंदसौर मिल अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारण्ट प्राप्त होने पर उक्त आरोपी को जेल दाखिल गया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी ने उपरोक्त स्मैक गुना तरफ से लाना बताया है। प्रकरण में शेष आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# नवागत एसपी ने पुलिस अधिकारियों ली बैठक, अपराधों की समीक्षा की

**अशोकनगर।** शुक्रवार को नवागत पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई।




अपराध समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा, जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चैकी प्रभारी उपस्थित रहे। अपराध समीक्षा बैठक में अपराधों की समीक्षा की गयी एवं निम्न दिशा निर्देश दिये। साथ ही आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुस्तैदी से ड्यूटी कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। गंभीर अपराधों में कार्यवाही करते हुये प्रकरणों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर अपराधों का निराकरण करेंगे। महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुये पीड़ति को तत्काल पुलिस सहायता पहुंचाऐंगें एवं आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। हिस्ट्रीशीटर, गुंडा-बदमाश एवं जिलाबदर के आरोपियों की समय- समय पर चेकिंग करेंगे एवं निगरानी बनाकर रखेंगे। थाने में आने वाले फरियादी के साथ शालीनता का व्यवहार करें एवं गंभीरता से उनकी समस्या को सुनकर उचित कार्यवाही करें।

# अटल कार्यकर्ता सम्मान से वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष जैन सम्मानित



**अशोकनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर अटल कार्यकर्ता सम्मान अशोकनगर के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ अभिभाषक सुभाष जैन एडवोकेट को प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनकी भाजपा में सेवाओं को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा द्वारा अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गुरूवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी धीरत पटेरिया ने जन संघ से लेकर भाजपा तक और समाज के लिए निरंतर सक्रिय रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुभाष जैन एडवोकेट को ताम्रपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



### रास्ता रोककर युवक पर हमला, बचाने पहुंचे परिवारजनों से की मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम पीपलखेडा निवासी एक ही परिवार के तीन घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया ह। जहां घायलों ने बताया कि हमारे गांव में हमने हमारे खेत के पास शांतिधाम बनाने के लिए जमीन दे दी था जिस पर उस समय झगड़ा हुआ था। उस झगडे को लेकर जब मेरा भाई नीतेश बाजार से काम करके बाईक से गांव के लिए वापिस जा रहा था तभी गांव के सुनील सरंपच कमलेश, शिवचरण शिक्षक ने उसका रास्ता रोक लिया उसने हमें घर पर फोन लगाया तो में जज्जी और हमारे पिता मथुरालाल उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचे तभी रास्ता राकेने वाले व हमलावरों ने हम पर भी हमला कर दिया।

# सेवा समिति द्वारा पितृपक्ष में जिला जेल में करवाया गया स्वाध्याय




**अशोकनगर।** श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा आश्विन कृष्णपक्ष पंचमी शुक्रवार को जिला जेल में पितृपक्ष के अवसर पर सभी बंदियों को अपने पूर्वजों को स्मरण कराते हुए उनके निमित्त श्रीमद्भगवद्गीता के सातवे अध्याय ज्ञानविज्ञानयोग का अर्थ सहित स्वाध्याय करवाया। श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 9 श्लोक 30 में भगवान कहते हैं यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्यभावसे मेरा भक्त होकर मुझको भजता है तो वह भी साधु ही मानने योग्य है; क्योंकि वह यथार्थ निश्चयवाला है। अर्थात उसने भलीभॉंति निश्चय कर लिया है कि परमेश्वरके भजन के समान अन्य कुछ भी नहीं है। अध्याय 4 श्लोक 36 में कहते हैं हे अर्जुन यदि तू अन्य सब पापियों से भी अधिक पाप करनेवाला है; तो भी तू श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञानरूपी नौका द्वारा निरूसंदेह सम्पूर्ण पाप- समुद्र से भलीभॉंति तर जायगा। सभी ने सामूहिक वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर, रामचरित मानस में वर्णित विजयरथ की चैपाई, व नवधा भक्ति की चैपाई का सामूहिक गान किया और श्रीमद्भगवद्गीता जी के अध्याय 7 ज्ञानविज्ञानयोग का संकल्प के साथ स्वाध्याय किया।

गीताव्रती रामबली यादव ने सभी ओमकार, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, संकल्प मंत्र, प्रार्थना मंत्र का उच्चारण करवाकर, मनुष्य जीवन का महत्व समझाया और बताया यह मानव जीवन हम सबको प्रभु की अनंतकृपा से प्राप्त हुआ है। इसका हमें सदुपयोग करना है शास्त्रों में बताए नियम अनुसार जीवन जीना और अपराध करने से बचना है। शास्त्र अनुकूल श्रेष्ठ कर्म करने, पवित्र विचार, पवित्र भाव और सात्विक ज्ञान को अपनाकर, शुद्ध आचरण कर प्रभु नाम स्मरण करने की प्रेरणा दी और सभी को सामूहिक युगल-महामंत्र राधे कृष्ण राधे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण राधे राधे। राधे श्याम राधे श्याम, श्याम श्याम राधे राधे।। उच्चारण करवाया और नियमित स्वाध्याय करने के स्वाध्याय पत्रक, पुस्तक हारिए न हिम्मत और श्रीमद्भगवद्गीता दी जिससे सभी नियमित स्वाध्याय कर सकें।

# छात्रों ने पंजाब भेजी राहत राशि




**राजपुर।** राजपुर कस्बे में राजपुर पब्लिक स्कूल के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा पंजाब में हुई तबाही से प्रभावित लोगों की मदद के लिए राहत राशि एकत्रित की गई। सिख समाज अशोकनगर की ओर से आए अतिथि तस्वीर सिंह, जसदेव सिंह, भालेंद्र सिंह और हरपाल सिंह उपस्थित रहे। स्कूल की ओर से निकिता भोजक, पूजा राजपूत, सीजी जोश, सलीम सर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद सभी अतिथियों को राहत राशि सौंपी गई। इस मौके पर जसदेव सिंह ने सभी बच्चों को बधाई दी और कहा कि इंसानियत के साथ खड़े होने संस्कृति को सीखना ही जीवन की सफलता है जो बच्चों में बचपन से ही विकसित होती है। जो देश का सर्वश्रेष्ठ काम है। अंत में डायरेक्टर अनवर मंसूरी की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मां-बाप यदि सीप हैं तो मोती हैं बेटियां : कवि सुनील समैया

# गर्ल्स कॉलेज में हिंदी दिवस पर हुआ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में हिंदी विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के अलावा अन्य शहरों से आए कवियों ने अपनी कविताओं एवं रचनाओं से लोगों मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदिका पाठक के द्वारा सरस्वती वंदना से शुरू हुआ। रमा ओझा, सुरभि ठाकुर, हरिओम ठाकुर एवं वेदिका पाठक ने आमंत्रित कवियों का सम्मान स्वागत गीत से किया। साथ ही कॉलेज स्टाफ के द्वारा अतिथियों का पुष्प, हार एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

कवि सम्मेलन के शुभारंभ में प्राचार्य डॉक्टर चंद्रा रत्नाकर ने कहा हिंदी पखवाड़ा में कवि सम्मेलन का आयोजन हिंदी भाषा की गरिमा बढ़ाने में सार्थक पहल है। नई पीढ़ी को भाषा की महत्ता जानने के लिए कवि सम्मेलन महत्त्वपूर्ण विधा है। जन भागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय ने कहा कवि सम्मेलन हिंदी के




कवियों से परिचित कराता है। साथ ही कवि की कविता श्रोता को झकझोर देती है। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ रश्मि जैन ने कहा छात्राओं की रचनात्मक क्षमता को अभिव्यक्ति के लिए सार्थक मंच है। अब तो मेरी कलम उठेगी सुलग रहे अंगारों पर- कवि सम्मेलन का संचालन एवं संयोजन नगर गौरव कवि सुनील समैया ने किया। उन्होंने बेटियों के लिए सुंदर कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कुल की है दीप, दीप की ज्योति है बेटियां, मां बाप यदि सीप हैं तो मोती हैं बेटियां। कवि आशीष निशंक कवि ने कहा बहुत लिखा पूजा पाठ और प्रेम वफ़ा श्रृंगारों पर, अब तो मेरी कलम उठेगी सुलग रहे अंगारों पर। कवि अवनीश पाठक सूर्य ने देश भक्ति की सुंदर अलख सभी के दिलों में जगाते हुए अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। मैं भारत की माटी का गुणगान लिखूं यश गान लिखूं कलम छूटने सांस टूटने तक मैं हिंदुस्तान लिखूं। कवियत्री डॉ रश्मि जैन ने दिल के टुकड़े करने वाला दिल का टुकड़ा लगता है, नालायक बेटा भी मां को राजा बेटा लगता है।

कवियत्री डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने श्रृंगार रस की सुंदर कविता प्रस्तुत की तुम उस पार प्रिय मैं इस पार प्रिय। कवयित्री वेदिका पाठक ने भारत भूमि का यशो गान नारी गौरव प्रस्तुत किया तो कवयित्री मधु सुदामा ने वर्तमान परिस्थितियों में बेटियों के साथ हो रहे शोषण को उजागर किया। कवि सत्य जीत ठाकुर ने अपनी कविताओं से श्रोताओं की चेतना को झकझोर दिया। छात्राओं एवं श्रोताओं ने मंत्र मुक्त होकर हिंदी कवि सम्मेलन का आनंद लिया। इस अवसर पर राजीव जैन, डॉ उमा लवानिया, प्रकाश चंद, डॉ दीपमाला सिंह, डॉक्टर आशीष गुप्ता, डॉ हरिशंकर सेन, प्रशांत कुशवाहा, यशवंत शर्मा, नवीन नामदेव, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभिक संचालन वेदिका पाठक एवं आभार डॉ रश्मि जैन ने किया।

### आक्रोशित किसानों ने स्टेशन रोड किया धरना प्रदर्शन

## किसानों का आरोप... 81 टन खाद आया, दुकानदार ने अधिक लाभ कमाने बाहर भेजा!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

किसानों ने सर्वोदय चौक स्थित एक खाद दुकान के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि स्थानीय किसानों को मिलने वाला खाद दुकानदार द्वारा अधिक लाभ कमाने के लिए अन्य जगहों पर भेज दिया है। किसानों ने बताया कि किसान डीएपी के लिए परेशान हैं और जबकि बीना के किसानों के लिए सुनील ट्रेडर्स को 81 टन खाद मिला था, लेकिन लाभ कमाने के लिए दुकानदार ने यह खाद अन्य जगहों पर भेज दिया। दुकानदार पर कार्यवाही को लेकर किसान स्टेशन रोड पर स्थित सुनील ट्रेडर्स के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। किसानों ने दुकानदार का लाइसेंस निरस्त करने, जांच करने और दुकान को सील करने की मांग रखी।

किसानों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की जानकारी लगते ही तहसीलदार अंबर पंथी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। इस दौरान किसान दुकान को सील करने की मांग पर अड़े रहे। इस बीच तहसीलदार ने दुकानदार को भी मौके पर बुलाया। दुकानदार ने कहा कि उसके पास जिले का लाइसेंस है। जिले में कई जगह खाद भेजना पड़ता है। बाद में भविष्य में जब भी खाद आए तो वह स्थानीय किसानों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराने की बात पर किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

### पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

## असम से होते हुए बीना पहुंची गुरु तेग बहादुर साहिब का नगर कीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सिख समाज के नौवें गुरु तेग बहादुर साहिब के शस्त्र साहिब एवं गुरु ग्रंथ साहिब का नगर में भ्रमण हुआ। लोगों ने पुष्प वर्षा एवं पूजन आदि कर स्वागत किया। बाद में यात्रा खुरई की और रवाना हुई। असम से प्रारंभ हुई शस्त्र साहिब एवं गुरू ग्रंथ साहिब की यात्रा शनिवार को बीना पहुंची। यात्रा में शामिल करीब 250 लोगों ने गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में लंगर छकने के बाद स्थानीय सिख समाज के द्वारा शहर में शहीदी नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह सिख समाज के अलावा शहर वासियों ने स्वागत किया। साथ ही शस्त्र साहिब के दर्शन किए। यात्रा स्टेशन रोड, ओवर ब्रिज से होते हुए खुरई की और रवाना हुई। गौरतलब है कि यात्रा असम से प्रारंभ हुई जो कई प्रदेशों से गुजरने के बाद शनिवार को बीना पहुंची थी। लोगों ने गुरू तेगबहादुर साहिब की उपयोगी तलवारें, पगड़ी आदि विरासतों के दर्शन कर सौभाग्य प्राप्त किया।

### सार्थक एप से हाजिरी व्यवस्था की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

## करई के पशु अस्पताल में लटका रहता है ताला, पशुपालक हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम करई के पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों की मनमानी और लापरवाही ने ग्रामीण पशुपालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अस्पताल, जो क्षेत्र के पशुपालकों के लिए एकमात्र सहारा है, अधिकांश समय ताला बंद रहता है। यहां पदस्थ मुख्य पशु चिकित्सक 15 से 20 दिन में मुश्किल से एक बार अस्पताल का दौरा करते हैं, जिसके चलते पशुओं को समय पर इलाज नहीं मिल पाता।

ग्रामीणों को अपने बीमार पशुओं को लेकर करैरा या नरवर जैसे दूरस्थ शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे समय की बर्बादी होती। कई बार तो अस्पताल में मौजूद चपरासी या कंपाउंडर केवल झाड़ू लगाकर ताला जड़ देते हैं, जिससे पशुपालकों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। यह स्थिति ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है, क्योंकि पशुधन उनकी आजीविका का मुख्य आधार है। एवं




एक दर्जन से अधिक गाँवों का भार यहाँ पर है। एक स्थानीय पशुपालक रामू केवट ने बताया, हमारे पशु बीमार पड़ते हैं, लेकिन डॉक्टर साहब कभी दिखते ही नहीं। हमें मजबूरी में दूर जाना पड़ता है, और कई बार पशु बच नहीं पाते। ग्रामीणों ने आरोप लगाए और बताया कि अस्पताल में न तो दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही आवश्यक चिकित्सा उपकरण। जब ग्रामीण अपने पशुओं को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, तो उन्हें अक्सर निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदने की सलाह दी जाती है। कई बार कंपाउंडर बिना किसी योग्य डॉक्टर की देखरेख के पशुओं का इलाज करने की कोशिश करते हैं, जो जोखिम भरा साबित होता है। एक अन्य ग्रामीण हेमू ने बताया की, ‟कंपाउंडर हमें दवा का नाम लिखकर दे देते हैं, लेकिन यहाँ न दवा मिलती है न इलाज। निजी दुकानों से दवा खरीदने की हैसियत हर किसी की नहीं होती।” इस स्थिति ने न केवल पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है, बल्कि उनके पशुओं की सेहत पर भी बुरा असर डाला है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बार-बार इस मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की उदासीनता और डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने करई और आसपास के गाँवों में असंतोष की लहर पैदा कर दी है। ग्रामीण अब मांग कर रहे हैं कि अस्पताल में नियमित डॉक्टर की नियुक्ति हो, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर किया जाए, ताकि उनकी आजीविका को बचाया जा सके।

#### इनका कहना है...

मैं हमेशा स्वास्थ केंद्र आता हूं। कर्मचारियों की कमी है इस कारण आते जाते रहते हैं अभी एक कर्मचारी शिवपुरी गया हुआ है।

**विनय इंदौरिया, प्रभारी पशु चिकित्सालय करई जिला शिवपुरी**

अब तो सार्थक एप से हाजरी लगती है। शनिवार है एक घंटे खोलकर बंद कर दिया होगा। आप सोमवार को देखना डॉक्टर भी मिलेगा और अस्पताल भी खुला मिलेगा।

**लल्लू राम शर्मा, उपसंचालक जिला शिवपुरी**

### शासकीय कार्य में बांधा उत्पन्न कर मारपीट की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम पलकाटोरी निवासी सहायक सचिव मोहनसिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामवली लोधी और सोनू लोधी ने शासकीय कार्य में बांधा उत्पन्न कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत बहादुरपुर के शमसान घाट के समीप एक 25 वर्षीय युवक का शव पेड़ पर लटका पाया गया है। जिसकी पहचान खोपड़ा निवासी उमेश पुत्र रामसिंह केवट के रूप में हुई है। बताया गया है कि उमेश सुबह ही घर से निकला था और सुबह ही कुछ लोगों ने कुछ देर बाद एक युवक को पेड पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### बाईक दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ईसागढ़ सड़क मार्ग पर संकट मोचन और रावंसर चैराहे के मध्य एक बाईक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें बाईक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। इस घटना में घायल दीपक और महेन्द्र सिह कुशवाह का उपचार चल रहा है।

### उसके बाद ही किसी तरह की कार्रवाई होगी, सभी थाना प्रभारियों को होंगें निर्देश जारी

## एसपी ने कहा-पत्रकारों के मामले में पहले जांच की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के नव नियुक्त एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने अशोकनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरी कोशिश होगी कि यहां अपराधों पर नियंत्रण रहे, जो भी अपराध लंबित है उनकी विवेचना का समय पर निराकरण हो। उन्होंने कहा कि जिले में पत्रकारों के मामले में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए जाएगें कि पत्रकारों पर बिना जांच के मामला दर्ज न किया जाए। इस तरह के निर्देश भी हैं, अगर कोई मामला आता है तो पहले जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले में काननू की व्यवस्था व्हीआइपी डयूटी में



सभी जिले के अधिकारी अच्छे से अपने दायित्व का निर्वाहन करें। नशे के खिलाफ भी डीजीपी के निर्देश हैं उन निर्देशों को लेकर जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसे लेकर एक सुनियोजित योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सामुहिक रूप से भी पुलिस गश्त का अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने बताया कि डीएसपी से 1995 में अपने कार्य की शुरूआत की थी इस दौरान वह बटालियन में पदस्थ रहे। एसडीओपी राहतगढ़, एसडीओपी, सिहोरा, एसडीओपी सेंधवा, सीएसपी उज्जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार और नीमच में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर रहे। गुना में एसपी के पद पर भी वह रह चुके हैं 2021-22 में देश भर से 18 आईपीएस अधिकारियों को डेपूटेशन पर एक साल के लिए मणिपुर भेजा गया था। उस दौरान उन्हें दो जिले प्रदान किए गए थे जहां वह एक वर्ष तक रहे। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर यातायात की व्यवस्थाओं के साथ आमजन के हित में निर्णय लिए जाएंगे।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने ईसागढ़ में कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**ईसागढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, एवं समस्त प्रकोष्ठ ईसागढ़ द्वारा श्री माया होटल में 11 सितंबर गुरुवार दोपहर 1 बजे से अशोकनगर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेन्द्र बलबीर सिंह कुशवाह, अशोकनगर के विधायक हरिबाबू रायएवंचंदेरी के पूर्व विधायक गोपालसिँह चैहान की संयुक्त ईसागढ़ दौरा एवं ईसागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कांग्रेस परिवार के सदस्य आमंत्रित रहे और अपने अपने विचार व्यक्त किए पार्टी को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर ग्रामीणों की समस्याओं की आवाज



उठानी चाहिए और शासन प्रशासन के समक्ष आवेदन देकर मांग कर हितग्राहियों की मदद करें। इस दौरान सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन शामिल थे। ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष हरिभूमि समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता सुरेन्द्र जैन बब्बा के निवास पर पहुंचे जहां आत्मीय मुलाक़ात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पत्रकार सुरेन्द्र जैन बब्बा ने फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर घर आगमन पर स्वागत किया और परिवार के साथ स्वल्पाहार किया।

## ‘भारतीय भूमि पर जन्म हुआ है तो इस पुण्य को महसूस कर इसे सफल बनाएं’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा जन्म भारत में क्यों हुआ दुनिया में बहुत सारे देश मनुष्यो से भरे हैं लेकिन तुम्हारा ही जन्म भारतीय वसुंधरा पर हुआ है इस ओर आप की दृष्टि चली गई तो आप इस गौरव को महसूस कर सकते हैं। यदि तुम्हें इस का ऐहसास नहीं हुआ तो यह भूमि नहीं फलेगी।

उन्होंने कहा कि जैसे आप इस विशाल पांडाल में सफेद चादर विछा देते हैं इसका आशय कोई विशेष मेहमान आ रहा है। फिर उनके पास आने के लिए पीछे से लोग खिसक खिसक कर आते है चाहे थोड़ी देर के लिए ही सही बैठने को मिल जाए उन विशिष्ट अतिथि से भेंट हो जायें ऐसे ही इस तीन लोक में भारतीय वसुंधरा को व्हीआईपी के जन्म के लिए आरक्षित किया गया है तीर्थंकर भगवान महापुरूषों सलाका पुरुषो के जन्म हुए ऐसी भूमि भारतीय बसुधा पर जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तो आप भी विशेष पुण्य को लेकर आयें है इसको महसूस करो।

### तुम बहुत भाग्यशाली हो भगवान महान पुरुषों की कर्म भूमि मिली

इस दौरान मुनि श्री ने कहा कि हर व्यक्ति किसी भी कार्यक्रम में आगे जाना चाहता है जो विशेष मेहमान आए हैं उनके निकट का व्यक्तित्व है ऐसे ही ऐसी भूमि पर आप भाग्यशाली हैं कि आपका जन्म आर्य खण्ड के भारत में हुआ नहीं तो आपको कमेटी बाहर निकल देती ऐसे ही कर्म चाहत तो आप को गर्भ में ही मरण करा देता इस पावन भूमि पर जन्म ही नहीं होता आप अपने आप को बहुत कोसते हैं मुझे क्या मिला अरे तुम बहुत भाग्यवान हो जो ऐसी माटी में जन्मे जो भगवान का जन्म हुआ वे इसी भूमि पर बाल क्रीड़ा नारायण श्रीकृष्ण ने बाल लीला कहा कि इसी भूमि पर मेरा जन्म हुआ ये मेरा भाग्य है इस पावन अवसर को सौभाग्य में बदलने का पुरूषार्थ करना है।

### विवाह में भी चमत्कार हो सकता है

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह को एक बहुत ऊंचा स्थान दिया जो तुमने संबंध वनाया है वह कैसा है देश विरूद्ध तो नहीं है भारत के सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य ने यूनानी सैल्यूकंस की बेटी हेलेना से विवाह कर संस्कृति का नाश होने लगा और आगे चलकर मौर्य वंश का राज्य चला गया इसलिए संबंध बनाते समय सभी चीजें देखी जाती है यदि आप ने सब कुछ देख कर संबंध वनाया है जो आपको ये परम्परा मिलीं है इसको आगे हमेशा बनाये रखना जाओ आगे तुम्हारे लिए जन्म जन्म तक उच्च कुल मिलेगा ये फैसला आप ले मैं अपने देश में अपनी समाज अपने रिश्तेदारों के बीच ही संबंध करूंगा।

### अगवानी पुस्तक का हुआ विमोचन

इस दौरान बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया ने कहा कि आज हम परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के अशोक नगर आगमन पर हुई ऐतिहासिक अगवानी को डा सुरेन्द्र भारती ने पुस्तक का रुप दिया है इसका विमोचन जैन पंचायत कमेटी के साथ सभी प्रमुख जनो दारा किया जा रहा है इस कृति के आने से नगर का नाम इतिहास में दर्ज हो गया इस दौरान मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि हम सब नगर वासियों के साथ मिलकर हर कार्य को अपने पूरे मन से कर रहे इसी लिए ये उपलब्धियां ऐतिहासिक वन रहीं हैं।